हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 82 | देहरादून, सोमवार, 18 सितंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



धामी बोले 'थैंक्यू उत्तराखंड' 3

# मुख्यमंत्री धामी ने छात्रों संग मनाया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन

## प्रधानमंत्री द्वारा देश में विश्वकर्मा योजना शुरू करने पर जताया आभार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 18 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, आराघर, धर्मपुर में आवासित एकल अभिभावक निर्धन और बेसहारा छात्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 73 दिये जलाने के साथ केक भी काटा गया। मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को उपहार स्वरूप ट्रेक सूट, जूते, मौजे तथा मिष्ठान प्रदान किये तथा छात्रों से बातचीत कर उनके विचार जाने। मुख्यमंत्री ने छात्रों का उत्साहवर्धन कर सभी का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छात्रों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का अवलोकन कर छात्रों की वैज्ञानिक सोच की भी सराहना की। मुख्यमंत्री को अपने मध्य पाकर सभी छात्र उत्साहित नजर आए।





**प्रधानमंत्री का बच्चों से है लगाव। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम इसका प्रमाण : सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा देश में शुरू की गई विश्वकर्मा योजना के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे हमारे श्रमिकों एवं कर्मचारियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने में मदद मिलेगी तथा उनके जीवन में परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का बच्चों से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम इसका प्रबल उदाहरण है। हमारे बच्चे देश के भावी कर्णधार है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी अपने जन्मदिन से पूर्व गरीब एवं बेसहारा बच्चों के बीच आये तथा उनके साथ कुछ समय बिताया। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा जीवन में जो भी कार्य करें, पूर्ण मनोयोग के साथ करें। उन्होंने कहा की जीवन में जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, उसके लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने एशिया कप में भारत की शानदार जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को भी बधाई दी।

इस अवसर पर महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए गरीब बेसहारा छात्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। महानिदेशक तिवारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास का कान्सेप्ट भी प्रधानमंत्री का दिया हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सबको गुणवत्ता युक्त बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो इसके लिए समाज के गरीब बेसहारा एवं निर्धन छात्रों की शिक्षा व्यवस्था के लिए ये आवासीय छात्रावास बनाये गये है। अबतक प्रदेश में 13 आवासीय छात्रावास बनाये जा चुके है। इनमें छात्रों को शिक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियों से प्रशिक्षित किये जाने की व्यवस्था है। महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि इन छात्रावासों में आवासित छात्रों को घर जैसा वातावरण उपलब्ध हो इसके भी प्रयास किये जाते है। लगभग सभी प्रमुख पर्वों एवं त्यौहारों पर वे स्वयं भी इनके बीच आकर उपहारो के साथ मार्गदर्शन तथा छात्रों का उत्साहवर्धन करने का प्रयास करते है। छात्रों में वैज्ञानिक सोच भी पैदा हो इसके लिए भी उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के समक्ष छात्रों द्वारा प्रदर्शित रोबोट स्मार्ट डस्टबिन रिमोट कार ड्रोन वॉटर कूलर आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रदर्शन इसका प्रमाण है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर की गई विशेष महिला गंगा आरती







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- गंगा मैया का भी मिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद
- यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित महिला गंगा आरती

18 सितंबर , ऋषिकेश , गंगा आरती ट्रस्ट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में पूर्णानंद घाट ऋषिकेश में महिलाओं ने पूजन-अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर की विशेष गंगा आरती। इस अवसर पर पीएम मोदी के दीर्घायु होने की कमाना मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर की गई कि ईश्वर व गंगा माँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शक्ति दें और स्वस्थ रखें इसके साथ ही महिला साधकों ने हवन कर आहुतियां दी व उनकी लंबी उम्र के लिए उनकी तस्वीर के साथ मां गंगा की आरती उतारी। जिसमें महिलाओं ने पीएम के नाम के दीपक प्रज्वल्लित किए। राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के लिए मां गंगा से आशीर्वाद मांगा गया। आरती मंच से स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने का आग्रह सभी श्रद्धालुओं से किया गया।

पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में देश में समृद्धि लौटेगी, बहुत प्रगति होगी, और वन्यजीव और पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, कौशल और युवा विकास के मुद्दों को हल किया जाएगा। मां गंगा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत को विश्व गुरु, आत्मनिर्भर बनाने, उत्तराखंड को एक विशेष पहचान, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता हेतु प्रार्थना की गई।इसी क्रम में ऋषिकेश गंगा आरती की गंग सबलाओं ने नारी शक्ति व नेतृत्व को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को सराहा व सरकार की विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु श्रद्धालुओं से जन संकल्प करवाया। इस अवसर पर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# रात में लेंगे 7-8 घंटे की नींद, तो दूर होंगी सेहत से जुड़ी दिक्कतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : रोज़ रात में अच्छी नींद लेना आपकी सेहत के लिए बेहद जरूरी होता है। यहां तक कि, यह इतना ज़रूरी है, जितना की संतुलित और पोषण से भरी डाइट लेना और एक्सरसाइज करना। हालांकि, हर व्यक्ति की नींद की ज़रूरत अलग होती है, लेकिन फिर भी मनुष्य को 7 से 8 घंटे की नींद हर रात को लेनी चाहिए। दुनियाभर में 35 फीसदी से ज़्यादा लोग ऐसे हैं, जो नींद पूरी नहीं लेते। नींद का पूरा होना होना आपको कई बीमारियों का शिकार बना सकता है। इसलिए इसे गंभीरता से लें और खुद को हेल्दी रखें।



1. वजन घटाने में मिल सकती है मददऐसी कई स्टडीज़ हुई है, जो कम नींद को लेकर की गई हैं। इनमें देखा गया है. कि जो लोग 7 घंटे से कम की नींद लेते हैं, उनमें वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। 2020 में हुए एक विश्लेषण से पता चलता है. कि जो लोग रोज़ 7 घंटे से कम सोते हैं, उनमें मोटापा बढ़ने का खतरा 41 फीसदी ज़्यादा हो जाता है। नींद की कमी आपकी भूख को प्रभावित करती है. और आप ज़्यादा कैलोरी का सेवन कर लेते हैं। खासतौर पर मीठा और कैलोरी से भरपूर खाना ज़्यादा खा लिया जाता है।

2. ध्यान और प्रोडक्टिविटी बढ़ती है.हमारे दिमाग के फंक्शन के लिए नींद का पूरा होना बेहद जरूरी है। नींद की कमी से अनुमति, एकाग्रता, उत्पादकता और प्रदर्शन सभी नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। अगर आप रोज़ 8 घंटे की नींद लेते हैं, तो इससे आपकी समस्या को हल करने क्षमता बढ़ती है. और साथ ही याददाश्त भी मजबूत होती है। वहीं, नींद न पूरी होने की वजह से आपका दिमाग सही तरीके से काम नहीं करता और आप फैसला लेने में भी जूझते हैं।

3. आप एनर्जेटिक बनते हैं,रोज़ अच्छी नींद लेने से आप दिनभर एनर्जेटिक रहते हैं, जिससे आपकी प्रोडक्टिविटी भी बेहतर होती है। ऐसी कई रिसर्च हुई है, जिसमें देखा गया है कि नींद अच्छी तरह से पूरी करने से मोटर स्किल्स, रिएक्शन टाइम, ताकत, एंडुरेंस और समस्या हल करने की क्षमता बेहतर होती है। वहीं, नींद पूरी न हो तो उससे आप पूरा दिन चिड़चिड़े रहते हैं, और किसी भी काम को करने की शक्ति नहीं महसूस करते.

4. आपके दिल की सेहत में सुधार होता है,अगर आप रोज़ 7 घंटे से कम की नींद लेते हैं, तो इससे आप में दिल की बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ता है। इसके साथ ही स्टडी में यह भी पाया गया है कि जो लोग 9 घंटे से ज़्यादा सोते हैं, उनमें भी दिल की बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ता है।

5. डायबिटीज का खतरा कम होता है.अगर आप रोज़ कम सोते हैं. तो इससे टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। ऐसी कई रिसर्च हुई है. जिसमें नींद की कमी और टाइप-2 डायबिटीज में संबंध को देखा गया है।

6. डिप्रेशन का जोखिम भी कम होता है.नींद पूरी न लेना भी डिप्रेशन से जुड़ा पाया गया है, खासतौर पर जो लोग स्लीपिंग डिसऑर्डर से जूझ रहे होते हैं।

7. इम्यून सिस्टम को मिलती है. मजबूतीरोज़ कम से कम 7 घंटे की नींद लेने से इम्यून सिस्टम के काम में सुधार होता है। आपका शरीर सर्दी, खांसी, बुखार से लड़ने में सक्षम होता है।8. एल्ज़ाइमर का खतरा कम होता है.नींद की कमी शरीर में सूजन का कारण भी बनती है। नींद अगर ठीक से न आए, तो इससे शरीर में सूजन बढ़ने लगती है। समय के साथ इससे दिल की बीमारी, तनाव और एल्ज़ाइमर जैसी बीमारियां होने लगती हैं।

# इस लड़की ने लगातार 100 दिन 9 घंटे सोकर बनाया रिकॉर्ड


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : दुनिया में सभी लोगों को सोन की जरूरत पड़ती है। कई लोग आठ-आठ घंटे तक सोते हैं, तो कुछ लोग कम ही नींद लेते हैं। हालांकि स्वस्थ रहने के लिए हर इंसान को कम से कम छह घंटे सोना चाहिए। यह भी व्यक्ति की उम्र पर निर्भर करता है। अब एक लड़की ने सोने के मामले में साढ़े चार लाख लोगों को पीछे छोड़ दिया है। यह लड़की पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। पश्चिम बंगाल के हुंगली की रहने वाली लड़की ने सबसे अच्छी नींद का खिताब जीता है। इस खिताब को जीतने के बाद लड़की को छह लाख रुपये का इनाम दिया गया है।

खिताब जीतने वाली लड़की का नाम त्रिपर्णा है जो हुगली के श्रीरामपुर की रहने वाली है। सर्वश्रेष्ठ नींद में सोने की प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें लड़की समेत साढ़े चार लाख लोगों ने हिस्सा लिया था। लेकिन लड़की ने सभी लोगों को सर्वश्रेष्ठ नींद में सोने के मामले में पीछे छोड़ दिया और खिताब अपने नाम कर लिया।

खिताब जीतने के बाद त्रिपर्णा ने मीडिया को बताया कि उनको एक ऑनलाइन वेबसाइट से माध्यम से इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट से पता चला कि ऑल इंडिया लेवल पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद त्रिपर्णा इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। इस सोने वाली प्रतियोगिता में साढ़ चार लोगों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में 15 लोगों को चयनित किया गया था जिसमें फाइनल स्तर के लिए चार लोगों को चुना गया था। फाइनल में हुगली के श्रीरामपुर की रहने वाली त्रिपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ सोने वाले व्यक्ति का खिताब जीत लिया।


इस प्रतियोगिता में हर शख्स को एक मैट्रेस और एक स्लीप ट्रैकर मिला था। इसमें सभी को सबसे अधिक नींद में सोया था। त्रिपणा ने लगातार 100 दिन 9 घंटे तक सोया और अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। इस खिताब को जीतने के बाद उनको 6 लाख रुपये का इनाम भी दिया गया है। उनको एक-एक लाख रुपये के 6 चेक मिले हैं। त्रिपर्णा चक्रवर्ती को बचपन से ही सोने का शौक था। उनका कहना है कि कई बार परीक्षा के समय भी वह सो गई थीं। त्रिपर्णा इस समय अमेरिका की कंपनी में काम करती हैं और वर्क फ्रॉम होम कर रही हैं।




# अमीर लड़कियों को लूटने वाले गैंग से सावधान इंडिया !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 18 सितंबर , व्हाट्सअप आप जरूर यूज़ करते होंगे। आज ज्यादातर लोग दिनभर इन प्लेटफॉर्म पर या तो मैसेज करते हैं या पढ़ते हैं। लेकिन रुक जाइये ज़रा .....क्योंकि ठगों ने भी इसे ही बना लिया अपनी लूट का जरिया। मध्यप्रदेश में एक ऐसे गैंग का खुलासा हुआ है जो व्हाट्सऐप के जरिए देश की खूबसूरत और अमीर लड़कियों के साथ ठगी कर रहा है। इस गैंग का एकमात्र मिशन होता है खूबसूरत और पैसे वाली लड़कियों के व्हाट्सएप नंबर निकालना और फिर उन्हें अपने जाल में फंसाना।



व्हाट्सऐप पर अंजान नंबर से सावधान!

इस गैंग में काफी सारे लोग काम कर रहे हैं। गैंग के कुछ लोगों का काम है सिर्फ ऐसी लड़कियों की तलाश करना जो ऑनलाइन दोस्ती करना पसंद करती हैं। गैंग के कुछ लड़के ऐसी लड़कियों को अपने जाल में फंसाते हैं। ये लोग व्हाट्सऐप नंबर लेकर लड़कियों से दोस्ती करते हैं, लड़कियों का विश्वास जीतते हैं। लड़की को कभी ये लगता ही नहीं कि ये एक सोची समझी चाल है। काफी दिनों तक ये लड़की से चैट करते हैं और जब लड़की पूरी तरह से इन पर विश्वास करने लगती है तो उसके अकाउंट से किसी न किसी बहाने से पैसे निकलवा लेते हैं। ये इस काम में इतने शातिर होते हैं कि लड़की इनके झांसे में फंसती चली जाती है।

अमीर लड़कियों को लूटने वाला गैंग

कुछ समय पहले भोपाल में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाली एक लड़की ने एक शिकायत दर्ज करवाई। लड़की ने बताया कि पिछले अक्टूबर में उसकी दोस्ती व्हाट्सऐप के जरिए एक लड़के से हुई। लड़के ने खुद एक्सपोर्ट इंपोर्ट का बिजनेसमैन बताया। दोनों लंबे समय तक एक दूसरे से चैट करते रहे, लेकिन अभी कुछ समय पहले लड़के का इस लड़की के पास फोन आया। लड़के ने बताया कि वो विशाखापट्टनम गया हुआ है और वहां कस्टम विभाग ने उसका जहाज पकड़ लिया है जिसमें इंपोर्ट का सामान था। उसने लड़की से मदद मांगी और अपने झांसे में लेकर 1 लाख 29 हजार रुपये एसपी ऑनलाइन अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए।

व्हाट्सएप के जरिए सबसे बड़ी धोखाधड़ी

बाद में इसी गैंग के एक दूसरे लड़के ने इस अकाउंट से ये पैसे निकाल लिए और फिर इस लड़के ने अपना फोन डीएक्टिवेट कर दिया। लड़की लगातार लड़के को फोन लगाती रही, लेकिन वो गायब हो चुका था। लड़की समझ चुकी थी कि वो ठगी का शिकार हुई है। इस घटना के बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जांच शुरू हुई तो अमन नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अमन वो लड़का है जिसने ये पैसे बैंक से निकाले थे। अमन ने ही पुलिस कस्टडी में बताया कि इस तरह से एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है जो देशभर में लड़कियों से व्हाट्सएप के जरिए ठगी करता है।

कमिशन के रूप में ही कमाए 1 करोड़ से ज्यादा

उसने बताया कि उसका काम सिर्फ बैंक से पैसे निकालकर पैसों को आगे ट्रांसफर करना है और इस काम के लिए उसे कमिशन मिलती है। अमन अब तक कमीशन के नाम पर ही एक करोड़ रुपये से ज्यादा कमा चुका है। अब तक न जाने कितनी ही लड़कियों के साथ ये गैंग ठगी कर चुका है। पुलिस को इस गैंग से जुड़े बाकी लोगों की तलाश है। ये लोग एमपी ऑनलाइन के खातों के जरिए लेन देन कर रहे थे। पुलिस ने 2000 से ज्यादा संचालकों को आगाह किया है।

# धामी बोले 'थैंक्यू उत्तराखंड'





न्यूज़ वायरस नेटवर्क
समूह संपादक मो० सलीम सैफ़ी
की विशेष रिपोर्ट –

- गफूलों और शुभकामनाओं से महक उठा सीएम आवास
- जन्मदिन पर दिखी धामी की धमक जमकर बिके फूल मिठाई
- मंत्री , अधिकारी , वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स ने दी जन्मदिन की बधाई
- जन्मदिन पर CM कभी बच्चों संग दिखे तो कभी ब्यूरोक्रेट्स संग
- पूरे प्रदेश में 121 जगहों पर आयोजित हुआ यज्ञ, हवन, पूजन
- मुफ्ती शगुन कासमी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को दी दुआएं

एक ख़ास शख्सियत का जन्मदिन .... पीएम नरेंद्र मोदी , दिग्गज राजनेताओं , दर्जनों मुख्यमंत्री और लाखों शुभचिंतकों की शुभकामना और सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंडिंग में एक ही नाम गुंजा पुष्कर सिंह धामी .... जी हाँ 16 सितंबर को उत्तराखंड के इस लाल का जन्मदिन भव्य और दिव्य अंदाज़ में मनाया गया जिसने सियासत में किया है कमाल ... दिल्ली , यूपी , मध्य प्रदेश , राजस्थान असम , हरियाणा और कोने कोने से सीएम धामी को बधाइयां मिली तो वहीँ देवभूमि भी धामी माय हो गयी जिसकी गवाही दे रही थी प्रदेश भर में लगाई गयी करोड़ों रूपये की होर्डिंग पोस्टर बैनर और 121 हवन यज्ञ पूजन और अनुष्ठान .....

देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस युवा विधायक पर कुछ समय पहले भरोसा जताकर उत्तराखंड की कमान सौंप थी उन्होंने अपने शानदार नेतृत्व और बेमिसाल उपलब्धियों भरी सरकार चलाकर आज वो पहचान बनाई है जिसका एहसास आज उत्तराखंड के हर नागरिक को हुआ जब सभी 13 जिलों में लगभग 121 जगह पर यज्ञ हवन पूजा और अनुष्ठान का आयोजन किया गया। प्रदेश भर की सड़कों पर जन्मदिन की बधाइयां देते होल्डिंग और पोस्टर लगाए गए। एक आंकड़े के मुताबिक लगभग 25 लाख से ज्यादा के फूलों की बिक्री हुई जो बताते हैं कि पूरा उत्तराखंड और भारतीय जनता पार्टी के युवा सीएम की लोकप्रियता का असर है जो लोग आज सड़कों पर मिठाइयां बांटते , आशीर्वाद देते दिखाई दिए।

सरकार और भाजपा संगठन में जहां जोश नजर आ रहा था तो वही मुख्यमंत्री आवास भी गुलजार हो गया। पार्टी दफ्तरों से लेकर तमाम गैर सरकारी संगठनों और संस्थाओं ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को बेहद शानदार अंदाज में मनाते हुए उन्हें अपने-अपने तरीके से शुभकामना दी। इसी कड़ी में देश के जाने-माने उलेमा और साम्प्रदायिक सौहार्द का सन्देश देने के लिए ख़ास पहचान बना चुके मुफ्ती शगुन कासमी ने भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को लंबी उम्र और कामयाब सरकार चलाने की दुआएं दी। आपको बता दें कि कभी अन्ना हजारे के हम कदम रहे मुफ्ती शमून कासमी को भारतीय जनता पार्टी में एक आला मुकाम हासिल है और उनकी गिनती देश के उन चुनिंदा मुस्लिम नेताओं में होती है जो आरएसएस , संघ , भाजपा और पीएमओ के काफी करीब है। यही वजह है कि जब मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी और मुफ्ती शमून कासमी की गुफ्तगू हुई तो यह नजारा भी बेहद सुकून देने वाला नजर आया।



इसके पहले मुख्यमंत्री आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों की लंबी कतार नजर आ रही थी जिनमें पार्टी नेता , विधायक , वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री , सामाजिक संगठन से जुड़े लोग सीनियर सिटीजन और अलग-अलग विभागों से पहुंचे वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल थे । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में मंत्रीगणों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री आवास में प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में सूचना विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनायें। मुख्यमंत्री ने उनके जन्मदिन पर शुभकामना देने वाले सभी जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।









# उत्तराखंड में निपाह वायरस को लेकर अलर्ट जारी, जानिए इसके लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उत्तराखंड 18 सितम्बर : केरल में हंगामा मचा रहे निपाह की वजह से उत्तराखंड में लगा अलर्ट। कोविड को गए ज़्यादा वक्त नहीं हुआ है कि अब एक और खतरनाक वायरस ने दस्तक दे दी है। कोरोना वायरस के बाद अब निपाह वायरस खतरे की घंटी बजा रहा है। भगवान की दया से उत्तराखंड अब तक इस वायरस से बचा हुआ है मगर केरल में यह वायरस तांडव मचा रहा है। केरल में निपाह वायरस की वजह से दो लोग अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं। यह बीमारी आमतौर पर चमगादड़ से फैलता है। सुअरों को भी इसमें वाहक माना जाता है। इस बीमारी को लेकर उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

उत्तराखंड सरकार का कहना है कि प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है और इस वायरस से लड़ने के लिए तैयार है। अभी तक केरल में निपाह से दो लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि, निपाह वायरस से 5 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इतना ही नहीं 9 साल के बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। केरल में निपाह वायरस के फैलने की आशंका के बीच केरल सरकार ने 7 गांवों के स्कूल और बैंक को बंद रखने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। केरल में फैले निपाह वायरस को लेकर उत्तराखंड सरकार भी अलर्ट हो गई है। जानकारी के मुताबिक गोवा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी में संक्रमित चमगादड़ पाए गए हैं। यानी देश के 10 राज्यों में निपाह वायरस दस्तक दे चुका है।

ऐसे में देश के सभी राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है, जिसमें उत्तराखंड भी शामिल है। आप सबके मन में यह डाउट आ रहा होगा कि आखिर यह निपाह वायरस है क्या। तो चलिए आपको बताते हैं कि यह क्या है और इसके क्या लक्षण हैं। सबसे पहली बात तो की यह वायरस भारत में पहली बार नहीं आ रहा है, बल्कि यह पहले भी कई राज्यों में फैल चुका है और कई लोगों की इस वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई है। अब एक बार फिर से यह वायरस सक्रिय हो गया है जिसके बाद प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। बता दें कि भारत में निपाह वायरस का पहला मामला साल 2001 में पश्चिम बंगाल से सामने आया था।

इसके बाद साल 2018 में केरल में निपाह वायरस के मामले सामने आए। उस दौरान केरल में 16 लोगों की जान गई थी इसके बाद से अभी तक केरल में ही चार बार निपाह वायरस फैल चुका है, जिसके चलते 19 लोगों की मौत हो चुकी है।कोरोना वायरस की तुलना में निपाह वायरस काफी जानलेवा है। निपाह वायरस को लेकर पूरे देश में जो स्थिति बन रही है, उसको लेकर सभी सीएमओ और जिला प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा गया है। निपाह वायरस से संक्रमित मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द, खांसी, थकान, उल्टी, दस्त, सांस लेने में तकलीफ होती है। इसके अलावा जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होता है। निपाह वायरस की न कोई दवा है और न ही वैक्सीन। ऐसे में सावधानी और साफ़ सफ़ाई से ही निपाह से बचा जा सकता है।

# ये 10 स्किल्स सीख लेंगे तो बन जाएंगे लाखों कमाने वाले




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में अब तक लाखों युवा अपना करिअर बना चुके हैं। ये सेक्टर लगातार ग्रो करते हुए 2027 तक 750 मिलियन डॉलर का बन सकता है। अगर आप भी डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में अपना करिअर बनाने की सोच रहे हैं तो आप भी सफलता ज़्यादा दूर नहीं हैं

इस क्षेत्र में काम करने के लिए जरूरी गूगल एनालिटिक्स, हॉटस्पॉट, इनबाउंड मार्केटिंग, फेसबुक ब्लूप्रिंट जैसे सर्टिफिकेट्स हासिल करने होंगे। हम यहां आपको 10 स्किल्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको एक सफल डिजिटल मार्केटर बना सकती हैं। आप इन स्किल्स को हासिल करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद भी ले सकते हैं।

- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (SEO) - किसी भी डिजिटल मार्केटर के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि सर्च इंजन के लिए वेबसाइटों और सामग्री को कैसे अनुकूलित किया जाए। SEO में कीवर्ड रिसर्च, लिंक बिल्डिंग और ऑन-पेज ऑप्टिमाइजेशन जैसी तकनीकों के माध्यम से वेबसाइट रैंकिंग और दृश्यता में सुधार करना शामिल है।
- सोशल मीडिया मार्केटिंग(SMM) - सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिजिटल मार्केटिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह समझना कि ब्रांड की उपस्थिति कैसे बनानी है, ग्राहकों के साथ जुड़ना और प्रभावी सोशल मीडिया अभियान कैसे बनाना है, यह आवश्यक है।
- कंटेंट मार्केटिंग(Content Marketing) - कंटेंट मार्केटिंग में परिभाषित दर्शकों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए मूल्यवान, प्रासंगिक और सुसंगत सामग्री बनाना और वितरित करना शामिल है। इसके लिए लक्षित दर्शकों, सामग्री निर्माण और वितरण की गहरी समझ की आवश्यकता होती है।
- ईमेल मार्केटिंग(Email Marketing) - ईमेल मार्केटिंग सबसे प्रभावी डिजिटल मार्केटिंग चैनलों में से एक है। आकर्षक ईमेल सामग्री, सेगमेंट ऑडियंस और ईमेल अभियान के प्रदर्शन को ट्रैक करने के तरीके को समझना महत्वपूर्ण है।
- पेड एडवरटाइजिंग(Paid Advertising) - पेड एडवरटाइजिंग में गूगल ऐड्स और सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म पर पेड ऐड चलाना शामिल है। प्रभावी विज्ञापन अभियान बनाने, मेट्रिक्स को ट्रैक करने और विज्ञापन खर्च को अनुकूलित करने के तरीके को समझना महत्वपूर्ण है।
- वेब डिजाइन और डेवलपमेंट(Web Design and Development) - बुनियादी वेब डिजाइन सिद्धांतों को समझना और वेबसाइट बनाने का तरीका जानना किसी भी डिजिटल मार्केटर के लिए आवश्यक है। HTML और CSS जैसी वेब डेवलपमेंट लैंग्वेज से परिचित होना भी मददगार है।
- एनालिटिक्स और डेटा विजुअलाइजेशन(Analytics and Data Visualization) - डेटा डिजिटल मार्केटिंग का एक महत्वपूर्ण घटक है। डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करना, वेबसाइट और अभियान प्रदर्शन को ट्रैक करना और आकर्षक डेटा विजुअलाइजेशन बनाना महत्वपूर्ण है।
- परियोजना प्रबंधन(Project Management) - डिजिटल मार्केटिंग अभियानों में सामग्री निर्माण से लेकर अभियान प्रबंधन तक कई गतिशील भाग शामिल हो सकते हैं। परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, संगठित रहने और कार्यों को प्राथमिकता देने में सक्षम होना आवश्यक है।
- ग्राफिक डिजाइन(Graphic Design) - विजुअल कंटेंट डिजिटल मार्केटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। Adobe Photoshop और Illustrator जैसे ग्राफिक डिज़ाइन टूल से परिचित होना सम्मोहक दृश्य बनाने में सहायक है।
- कॉपी राइटिंग(Copywriting) - सभी डिजिटल मार्केटिंग चैनलों के लिए आकर्षक, प्रेरक और प्रभावी प्रतिलिपि बनाना महत्वपूर्ण है। कॉपी राइटिंग सिद्धांतों की एक ठोस समझ, जैसे हेडलाइन्स, कॉल-टू-एक्शन और स्टोरीटेलिंग, आवश्यक है।

एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग कोर्स में ये है खास

**सफलता के साथ बनाएं अपना करिअर**

देश की जानी - मानी एडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्स की शुरुआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करिअर बनाएं। आप अपने फोन में safalta app डाउनलोड करके भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं।

# सावधान : कहीं आपने शेयर तो नहीं कर दिया OTP, बैंक अकाउंट हो जाएगा खाली




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : ऑनलाइन शॉपिंग आज कल बहुत कॉमन बात है. और लोग अलग-अलग साइट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या हो कोई फेक डिलीवरी का नाम लेकर आपके पूरे पैसे ऑनलाइन गायब कर दें। जी हां ऐसा हो रहा है। आजकल फेक डिलीवरी घोटाला या कैश-ऑन-डिलीवरी घोटाला वायरल हो रहा है। स्कैमर्स ई-कॉमर्स साइटों से डिलीवरी एजेंट बनकर लोगों के बैंक खातों से सीधे पैसे चुरा रहे हैं। आइये इसके बारे में जानते हैं।

ई-कॉमर्स साइट ने ऑनलाइन डिलीवरी धोखाधड़ी से लड़ने के लिए वन टाइम पासवर्ड (OTP) डिलीवरी वेरिफिकेशन शुरू किया है। इसमें, कस्टमर से कहा जाता है कि वे अपने डिलीवरी पैकेज की जांच करें और फिर पैकेज की पाने की पुष्टि करने के लिए अपने फोन पर मिलने वाले ओटीपी को डिलीवरी एजेंट के साथ साझा करें। लेकिन अब ये OTP शेयरिंग एक अलग तरह का स्कैम ला रहा है।

स्कैमर्स अब डिलीवरी एजेंट के रूप में लोगों से पैसे लुट रहे हैं। ऐसे कई मामलों रिपोर्ट किए गए ये स्कैमर डिलीवरी एजेंट के रूप में दरवाजे पर पहुंचते हैं और डिलीवरी से पहले लोगों से OTP मांगते हैं। एक बार जब कोई व्यक्ति OTP दे देता है, तो स्कैमर उनके फोन का क्लोन बना लेते हैं. या बैंक खातों जैसे उनके डाटा को एक्सेस कर लेते हैं। स्कैमर्स उन लोगों को लक्षित करते हैं जो ई-कॉमर्स वेबसाइटों से बहुत अधिक खरीदारी करते हैं। वे उन लोगों पर नजर रखेंगे जो अक्सर डिलीवरी पैकेज लेते हैं और फिर डिलीवरी एजेंट होने का नाटक करते हुए उनके दरवाजे पर चले जाते हैं। बड़ी ई-कॉमर्स साइटों या डाकघर से पैकेज डिलीवरी का नाम लेंगे। इसके अलावा पे-ऑन डिलीवरी पार्सल कहकर भी वे अपने पैसे मांगते हैं।

अगर आप पैकेज लेने से मना करते हैं तो कैंसिल करने का नाटक करके डिलीवरी या कैंसिलेशन को प्रोसेस करने के लिए स्कैमर एक (OTP) मांगता है। स्कैमर्स को (OTP) देते ही वे आपके फोन का क्लोन बना लेते हैं। ऐसे वे आपके बैंक खाते के डिटेल को चुरा लेते हैं। कभी भी (OTP) किसी से शेयर न करें। अगर कोई पिन मांग रहा है तो उस व्यक्ति की पहचान वेरीफाई करें। कभी-कभी डिलीवरी कंपनियां डिलीवरी से पहले एक कोड भेजती हैं, ऐसी स्थिति में पैसे देने, OTP देने और डिलीवरी की पुष्टि करने से पहले हमेशा डिलीवरी पार्सल खोलकर चेक करें। अगर कोई डिलीवरी आपको कोई संदिग्ध डिलीवरी मिलती है. तो उसे स्वीकार न करें। ऑनलाइन भुगतान करने से भी आप इस समस्या से बच सकते हैं।

# अब घर के बर्तन और सामान के लिए मिलेंगे 6 हजार : मुख्यमंत्री





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 18 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'मा. प्रधानमंत्री की सौगात-आपके लिए' कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत 11 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र, चाबी एवं घर के लिए बर्तन और सामान क्रय के लिए 05-05 हजार रुपये के चेक प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को अब घर के बर्तन और सामान के लिए 06-06 हजार रुपये दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एन.आर.एल.एम योजना के 25 लाभार्थियों को चेक प्रदान किये। 10 समूहों को 75-75 हजार के सामुदायिक निवेश फण्ड (सीआईएफ) के चेक प्रदान किये गये। 05 समूहों को 10-10 हजार रुपये के रिवाल्विंग फण्ड के चेक और 10 समूहों को 1.50 लाख से 06 लाख रुपये तक के चेक प्रदान किये गये। राज्य में एन.आर.एल. एम योजना के तहत 5.01 लाख महिलाओं को संगठित कर 64 हजार 686 समूहों, 06 हजार 551 ग्राम संगठनों एवं 392 क्लस्टर स्तरीय संगठनों का गठन किया गया है।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए भगवान केदारनाथ और भगवान बद्रीविशाल से उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। अपने जन्मदिन के सुअवसर पर देवभूमि की बहनों को पक्के मकान के रूप में विशेष उपहार देने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच अनेकों ऐसे परिवार हैं जिनके लिए अपना खुद का घर मिलना किसी सपने के पूर्ण होने से कम नहीं है। गरीबों को अपना पक्का घर देना योजना मात्र नहीं है, यह प्रदेश के एक-एक वंचित को इस बात का विश्वास देने की प्रतिबद्धता है कि सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार हर गरीब तक पहुंचने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में पिछले 9 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। इनमें से करीब 70 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर हैं। जब कोई सरकार अंत्योदय को अपना ध्येय मानकर कार्य करती है तो उसके परिणाम अलग होते हैं। राज्य में इस योजना के अंतर्गत प्रारम्भ से अब तक कुल 36229 आवासों का निर्माण पूर्ण करते हुए 609.24 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तान्तरित की जा चुकी है। देश में जिस स्तर पर शोषितों और वंचितों का आज सशक्तिकरण हो रहा है वैसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में भी विकास के एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी योजनायें गरीबों, वंचितों एवं मातृ शक्ति को ध्यान में रखते हुए चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत राज्य में अभी तक 62 हजार 932 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 609 करोड़ की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा चुकी है। अब तक 36229 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। अवशेष 12079 लाभार्थियों की आवास स्वीकृति की प्रक्रिया गतिमान है। समूहों को सशक्त बनाने हेतु वित्तीय समावेशन कर 44255 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 53.67 करोड़ रुपये, 27079 समूहों को 174.27 करोड़ रू0 का सामुदायिक निवेश निधि एवं 55257 समूहों हेतु 443.27 करोड़ बैंक लिंकेज कर विभिन्न आजीविका संवर्धन गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। 2025 तक राज्य में 1.25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में तैयार किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान समय तक 40272 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में तैयार किया गया है।

इस अवसर पर सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, आयुक्त ग्राम्य विकास आनन्द स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, अपर सचिव ग्राम्य विकास नितिका खण्डेलवाल, सीडीओ देहरादून झरना कमठान सहित अन्य उपस्थित थे।

# देहरादून : आईसीसीसी में बने डेंगू कंट्रोल रूम से 500 लोगों तक पहुँची प्लेटलेट्स



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 18 सितम्बर : दून इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर शहर के तंत्रिका तंत्र की तरह कार्य कर रहा है। यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन और अन्य नागरिक सेवाएं जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक शिकायतें, जल आपूर्ति आदि सभी का समन्वय आईसीसीसी द्वारा किया जा रहा है। इतना ही नहीं शहर में बढ़ते डेंगू के कहर से लड़ने के लिए डीआईसीसीसी में डेंगू कंट्रोल रुम बनाया गया है। स्मार्ट सिटी की सी0ई0ओ0 के निर्देश पर आईटीडीए में कंट्रोल रूम तैयार किया गया है जहां से जनमानस के लिए दिन-रात ( 24×7) सुविधा मुहैया करवायी जा रही है। डेंगू से सम्बन्धित किसी भी शिकायत टैस्ट, बैड, प्लेटलेट्स, लैब, चिकित्सकीय परामर्श आदि के लिए स्मार्ट सिटी के टोल फ्री नम्बर 18001802525 पर कॉल की जा सकती है।

कंट्रोल रूम में यूसेक, आयुष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से चिकित्सक और स्टाफ और नगर निगम से लोगो तैनात किए गए हैं। कंट्रोल रूम में डेंगू बचाव कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। कंट्रोल रूम में प्लेटलेट्स, फॉगिंग, ब्लड आदि से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रहे हैं। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। यहां पीड़ितों की काउंसलिंग परामर्श हेतु कॉल प्राप्त हो रही है। स्मार्ट सिटी की सी0ई0ओ0 द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कंट्रोलरूम में प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी समन्वय कर कार्रवाई करें। सबसे ज्यादा परेशानी कंट्रोल रूम में कॉलर द्वारा प्लेटलेट्स की आवश्यकता को लेकर सामने आ रही है। इस पर प्लेटलेट्स की उपलब्धता ना होने पर टीम द्वारा डोनर तक कॉल पहुंचाया जा रहा है। जिससे प्लेटलेट्स के लिए आसानी से डोनर मिल जाए। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश दिए गए है कि शहर में कहीं भी पानी एकत्र न हो और जहां भी डेंगू का लार्वा पनप रहा है वहां तुरंत दवाई का छिड़काव किया जाए, और लगातार फॉगिंग कराई जाती रहे। जिसका सम्बन्धित विभाग द्वारा पालन किया जा रहा है।

कंट्रोल रूम में 1085 कॉल रिसीव अतिथि तक 1085 निस्तारित।

प्लेटलेट्स/प्लाज्मा के लिए 495 कॉल रिसीव अतिथि तक सभी निस्तारित।

बेड इंक्वायरी के लिए 57 कॉल रिसीव अतिथि तक सभी निस्तारित।

डॉ परामर्श के लिए 113 कॉल रिसीव अतिथि तक सभी निस्तारित।

फागिंग से संबंधित 414 कॉल रिसीव अतिथि तक 398 निस्तारित।

देहरादून स्मार्ट सिटी के द्वारा स्मार्ट रोड परियोजना के अंतर्गत चार रोड़ों हरिद्वार रोड (प्रिसं चौक से आराघर चौक), ई0सी0 रोड (बहल चौक से आराघर चौक), राजपुर रोड (घंटाघर से दिलाराम चौक), चकराता रोड, (किषननगर चौक से घण्टाघर), पर कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त डेटा के अनुसार देहरादून में अब तक 771 डेंगू के केस है !स्मार्ट सिटी के कार्यक्षेत्र में वर्तमान समय में राजपुर रोड (घंटाघर से दिलाराम चौक) में 3 डेंगू के केस, चकराता रोड, (किशन नगर चौक से घंटाघर) में कोई केस नहीं, ई0सी रोड (बहल चौक से आराघर चौक) तक कोई केस नहीं, हरिद्वार रोड (प्रिसं चौक से आराघर चौक), कोई केस नहीं पाया गया है।

इसके अतिरिक्त दर्ज कोई भी केस स्मार्ट सिटी से संबंधित नहीं है। जहां भी स्मार्ट सिटी और उसकी कार्यदायी संस्था पी0आईयू0 पी0डब्लू0डी द्वारा खुदाई का कार्य किया जा रहा है वहां लगातार लार्वा साइड डाला जा रहा है, इसके अतिरिक्त जहां भी खुदाई के कार्य स्थल पर बरसात के कारण जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है वहां तुरन्त ही मशीनों से पानी निकाला जा रहा है ताकि डेंगू के मच्छर न पनप सके।

# ये है दुनिया का सबसे महंगा अनानास, कीमत है 1 लाख

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितंबर : अनानास विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और मैंगनीज और पोटेशियम जैसे खनिजों का एक समृद्ध स्रोत है. खासकर सर्दियों के मौसम में यह सेहत के लिए एक बेहतरीन फल है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फल की एक ऐसी किस्म भी है. जिसे खरीदना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेलिगन अनानास का नाम उस बगीचे के नाम पर रखा गया है, जहां कॉर्नवाल में उगाए जाते हैं, प्रत्येक की लागत लगभग 1,000 पाउंड स्टर्लिंग 1 लाख रुपये है. इसकी एक फसल तैयार होने में करीब दो से तीन साल का समय लगता है.हाई-प्रोफाइल फल के मुताबिक, जल्द ही बागवानों को एहसास हो गया कि देश की जलवायु अनानास की खेती के लिए अच्छी नहीं है. इसलिए, विशेष लकड़ी के गड्ढे के आकार के बर्तनों को डिजाइन करके और इसे पोषण देने के लिए सड़ी हुई खाद की ताजा आपूर्ति और एक बैकअप हीटर जोड़कर उन्होंने एक तरकीब निकाली. गर्मी हवा को गर्म करती है जो दीवार में झरोखों के माध्यम से गड्ढों में प्रवेश करती है. ₹अनानास उगाने के लिए एक बहुत ही श्रमसाध्य फल है. अनानास की देखभाल, खाद की परिवहन लागत, अनानास के गड्ढों के रख रखाव और अन्य छोटे




टुकड़ों और टुकड़ों की देखभाल करने में लगने वाले समय के साथ, प्रत्येक अनानास खरीदने में शायद हमें 1,000 पाउंड से अधिक खर्च होगा.₹ प्रवक्ता ने आगे कहा, ₹अब जब हमने सही विक्टोरियन तकनीकों को सीख लिया है, तो यह हमारे बागवानों और आगंतुकों के लिए वास्तव में फायदेमंद प्रक्रिया है.₹हेलिगन वेबसाइट ने आगे कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को विक्टोरियन ग्रीन हाउस में लगाया गया दूसरा अनानास उपहार में दिया गया था. उसने आगे कहा कि ये अनानास केव गार्डन से हेलिगन को उपहार में दिए गए पौधों और कैरेबियन से प्राप्त दुर्लभ व्यक्तियों का एक उदार मिश्रण हैं. उद्यान के अधिकारियों ने कहा कि अगर फल की नीलामी की जाती है, तो प्रत्येक अनानास की कीमत 10 लाख रुपये तक हो सकती है.

# गंभीर बीमारियों का इलाज उत्तराखंड की लाजवाब चाय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 18 सितम्बर : नैनीताल का खूबसूरत पहाड़ी शहर नैनीताल में अंग्रेजों के जमाने में इस शहर की रौनक देखते ही बनती थी। भारत में चाय पीने का चलन अंग्रेज ही लेकर आए थे। देश की आजादी के बाद अंग्रेज तो चले गए, लेकिन चाय यहीं की होकर रह गई।

उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों के अलावा नैनीताल के श्यामखेत में भी ऑर्गेनिक चाय का उत्पादन किया जा रहा है। यहां मिलने वाली ऑर्गेनिक चाय स्वाद और सेहत दोनों के पैमाने पर फिट है। श्यामखेत में पैदा होने वाली चाय एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है। जो कि बीपी और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों को दूर रखने में मदद करती है। नैनीताल घूमने आने वाले सैलानियों की यहां की ऑर्गेनिक चाय खूब भा रही है। पर्यटक यहां उगने वाली ऑर्गेनिक चाय की चुस्की लेने के लिए पहुंच रहे हैं, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। श्यामखेत में मिलने वाली ऑर्गेनिक चाय की डिमांड देश ही नहीं विदेशों में भी है। आगे जानिए इसके बेमिसाल फायदे।

सेहत के लिए फायदेमंद होने की वजह से विदेशों में इसकी डिमांड तेजी से बढ़ रही है। यहां की चाय को कोलकाता के रास्ते जापान, कोरिया, इंग्लैंड, इटली समेत कई देशों में भेजा जा रहा है।



लोग चाय बागान घूमने आते हैं, यहां सेल्फी भी लेते हैं। श्यामखेत में चाय बागान की स्थापना साल 1991 में की गई थी। बागान में सालाना करीब 5 हजार किलो जैविक चाय का उत्पादन किया जा रहा है। जिससे चाय विकास बोर्ड को हर साल 45 लाख रुपये का राजस्व मिल रहा है। टी बोर्ड के मैनेजर नवीन चंद्र पांडे बताते हैं कि अच्छी मिट्टी और मौसम की वजह से बागवानी में जैविक चाय का बेहतर उत्पादन हो रहा है। चाय को उगाने के लिए किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। उत्पादन में सिर्फ कंपोस्ट खाद यूज होती है, जिससे चाय के औषधीय गुण बन रहे हैं। चाय की पैदावार से उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड को लाखों का राजस्व मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिला है।

# इस वजह से 20% कपल अलग कमरे में सोते हैं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : पति-पत्नी और कपल्स का एक ही घर में रहकर भी अलग-अलग सोना सामान्य होता जा रहा है। रिसर्च के दौरान 20% जोड़े अलग बेडरूम में रात गुजारते हैं। 31% कपल्स ने बताया कि अलग सोने से उनके संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ा है। 21% ने तो कहा कि इससे उनके रिश्ते बेहतर हुए हैं। अब घरों को अलग सोने के हिसाब से डिजाइन कराने वाले जोड़ों की संख्या बढ़ी है। इंटीरियर डिजाइनरों का कहना है कि कपल्स चाहते हैं कि दोनों कमरों की डेकोरेशन एक जैसी हो। ऐसे कपल्स अलग कमरे में सोने को अच्छा मानते हैं। वे अपनी नींद साथी के खर्राटों की आवाज में खराब नहीं करना चाहते हैं। और गुलजार भाई में सर के पास हु इस लिए फ़ोन नहीं उठा रहा हु

**एक्सपर्ट्स बोले- साथ सोने से बेहतर होते हैं रिश्ते**

कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि एक साथ सोने से कपल्स के रिश्ते अच्छे होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहती हैं कि लोग प्रेम करने और जिंदगी साथ में गुजारने के लिए शादी करते हैं। इसलिए एक साथ सोने से संबंध गहरे होते हैं।

हाउसवेयर्स एसोसिएशन के सर्वे में 46%



लोगों का कहना है कि पार्टनर के जमकर खर्राटे लेने या बहुत अधिक करवट बदलने से तंग आकर उन्होंने अलग कमरे में रात गुजारने का निर्णय लिया है। अन्य कारण सोने का अलग समय या किसी काम में व्यस्त रहना भी है।

20% लोगों ने कहा वे अपने लिए अलग जगह चाहते हैं इसलिए अलग सोते हैं। 22% लोगों ने बताया कि उन्होंने पिछले साल ही दूसरे कमरे में सोना शुरू किया है। इससे लगता है कि यह चलन अब बढ़ रहा है। वहीं, कुछ बुजुर्ग अपने परिवार के किसी कपल के अलग सोने को उचित नहीं मानते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्णप्रयाग पुलिस ने की मनचलों के खिलाफ कार्रवाई

चमोली। कोतवाली पुलिस ने सडक़ों पर घूम रहे और सडक़ किनारे बैठे मनचलों एवं नशेडियों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार देर शाम नौटी रोड पर पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि शाम को वॉकिंग पर जाती महिलाओं और अन्य को सडक़ किनारे बैठे मनचले और नशेड़ी परेशान कर रहे थे। जिसकी शिकायत लगातार पुलिस को मिल रही थी। शनिवार शाम को नौटी रोड पर अभियान चलाया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक युवकों और किशोरों को पकडक़र थाने लाया गया। जिनकी काउंसलिंग करने के बाद उनके परिजनों को बुलाया गया। और भविष्य में ऐसा न करने की हिदायद दी गई। पुलिस थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ऐसे युवकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### चमोली जिले के वन क्षेत्रों में 24 वेट लैंड

चमोली। उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा आद्र्रभूमि (वेटलैंड) के चिह्नीकरण एवं उनके संरक्षण के संबंध में पारित आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में स्थित आद्र्रभूमि से संबंधित सूचना निर्धारित प्रारूप में शीघ्र जिला कार्यालय को उपलब्ध की जाए। बैठक में उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि जनपद के अन्तर्गत वन क्षेत्रों में कुल 24 वेटलैंड एरिया स्थित है। जिनमें से 08 वेटलैंड एरिया बदरीनाथ वन प्रभाग, 15 नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क जोशीमठ, तथा 1 केदार वन्यजीव वन प्रभाग के अन्तर्गत आता है। बैठक में डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, अधिशासी अभियंता सिंचाई अरविंद सिंह नेगी, जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा, एसीएमओ डॉ उमा रावत, जिला कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी आदि उपस्थित थे।

### नवनियुक्त एसपी रेखा यादव ने लिया भगवान बदरी विशाल का आशीर्वाद

चमोली। चमोली जिले की नवागंतुक पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर आशीर्वाद मांगा। पुलिस अधीक्षक ने बद्रीनाथ में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा हेतु की गयी पुलिस व्यवस्था की समीक्षा कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने कहा वर्तमान समय में मौसम ठीक होने के साथ ही यात्रा का द्वितीय चरण शुरू हो गया है, जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। उन्होंने पुलिस बल को मानसिक एवं शारीरिक तौर पर तैयार निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मन्दिर परिसर स्थित होमगाड्र्स हेल्प डेस्क के संबंध में भी जानकारी लेते हुए उसके अन्तर्गत किये गये कार्य का विवरण चेक किया। एसपी ने देश के प्रथम गांव माणा में स्थित पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान माणा पीताम्बर मोलफा ने गांव की ओर से पुलिस अधीक्षक रेखा यादव का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया।

### गांधीनगर में भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिन पर आयोजित सेवा दिवस के अवसर पर भाजपा ने नगर के गांधीनगर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नगर पालिका के सहयोग से नालियों की सफाई के साथ ही दवाइयों का छिडक़ाव भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल नौटियाल, मंडल प्रभारी गैंणा सिंह, नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, ईओ गुरुदीप आर्य, चेतन मनोड़ी, आलम सिंह, अनिल कंडवाल, सागर कपरवाल, ओम प्रकाश जोशी, अनूप रावत, नवीन पुजारी, मनीष पुरोहित आदि मौजूद थे।

### सत्यापन न कराने वाले सात मकान मालिकों पर कार्रवाई


श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली पुलिस श्रीनगर के एसएसआई संतोष पैथवाल के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसके तहत पराग डेयरी क्षेत्र और उफल्डा में पुलिस ने मकान मालिकों से अपने किराएदारों का सत्यापन करने का आग्रह किया। साथ ही ऐसे मकान मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही भी की गई जिन्होंने अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था। इसके तहत पुलिस ने करीब 7 मकान मालिकों का उत्तराखंड पुलिस ऐक्ट में कार्रवाई कर जल्द से जल्द अपने किराएदारों का सत्यापन करने की हिदायत दी। पैथवाल ने बताया की सुरक्षा के दृष्टि से सभी को अपने किराएदारों का सत्यापन करना अनिवार्य रूप से आवश्यक है। अभियान में उप निरीक्षक रियाज अहमद, कांस्टेबल मुकेश आर्य और संजय मौजूद रहे।

### श्रीनगर में ईएसआई खुलने पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल। बार एसोसिएशन श्रीनगर और बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी ने स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना श्रम चिकित्सा सेवाएं के अंतर्गत श्रीनगर में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय (ईएसआई) का वर्चुअली शुभारम्भ करने खुशी व्यक्त की है। बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनुप श्री पांथरी ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय से लोगों को कई सुविधाएं मिलेंगी। खुशी और

# बेकार हो चुके लिवर को नया बना देगा ये उपाय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : आजकल लोगों का स्वास्थ्य बेकार हो रहा है। जिसका मुख्य कारण शराब, स्मोकिंग, तला-भुना खाना, प्रोसेस्ड फूड का सेवन बढ़ना है। ये चीजें शरीर में जहरीले विषाक्त पदार्थ बनाती है, जो खून में घुल जाते हैं। फिर यही गंदा खून शरीर के कोने-कोने को नुकसान पहुंचाता है। खून की सफाई का जिम्मा सबसे ज्यादा लिवर पर होता है। यह सारे जहरीले टॉक्सिन को बाहर करता है। लेकिन इस काम में लिवर पर काफी प्रेशर बढ़ता है और धीरे-धीरे कामकाज कमजोर हो जाता है। इसकी वजह से फैटी लिवर, फेलियर या कैंसर भी हो सकता है।

खाली पेट कुछ ड्रिंक्स पीकर लिवर की सफाई कर सकते हैं। जिसे लिवर डिटॉक्स कहा जाता है। मिल्क थिस्ल एक पौधा है, जिसे दूध पत्र भी कहा जाता है। Johns Hopkins के अनुसार (ref.), इसकी हर्बल टी पीने से लिवर की सूजन कम हो सकती है और उसे मजबूत बनाया जा सकता है। आप इसकी पत्तियां उबालकर चाय बना सकते हैं। सूजन मिटाने वाली हल्दी लिवर की गंदगी निकालने में मदद करती है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं, जो फेलियर या कैंसर बनने से रोकते हैं। आप रोजाना हल्दी और अदरक से बनी चाय पी सकते हैं।

चुकंदर डिटॉक्स करने के काम आता है। यह सारे टॉक्सिन को एक झटके में बाहर निकाल सकता है। आप रोजाना चुकंदर का जूस खाली पेट पीएं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और प्लांट बेस्ड नाइट्रेट होता है, जो फैटी लिवर डिजीज से बचाता है। खाली पेट आंवला का जूस जरूर पीना चाहिए। यह डिटॉक्स ड्रिंक आपके बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। साथ में लिवर को बीमारी से बचाती है। नींबू में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं और अदरक एक एंटी इंफ्लामेटरी फूड है। ये दोनों चीजें जिगर के विषाक्त पदार्थ बाहर करते हैं और सूजन व डैमेज से एक साथ बचाते हैं। डिस्क्लेमरः यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

## संपादकीय



# सनातन का 'चुनावीकरण'

दुर्भाग्य है कि सनातन की सोच, परंपरा, आस्था और धर्म पर टिप्पणी करनी पड़ रही है। हम इस निरर्थक विवाद को टालते आ रहे थे। कुछ कुमति लोगों ने 'सनातन' की तुलना मलेरिया, डेंगू, कोरोना से ही नहीं, बल्कि कोढ़ और एड्स सरीखी बीमारियों से की थी। ऐसे कुकृत्य सतयुग, त्रेता, द्वापर के दौरान भी आसुरी ताकतों ने किए थे। कोई नई बात, नई गाली नहीं है। यही नहीं, 'रामचरितमानस' के रचनाकार संत तुलसीदास को भी बादशाह जहांगीर के दरबार में अपमानित होना पड़ा था। अपने आराध्य हनुमान जी को स्मरण किया, तो वानर सेना ने कहां से धावा बोल दिया, यह आस्थावान लोग ही महसूस कर सकते हैं। 'वानर सेना' ने दरबार उजाड़ दिया, सिंहासन तोड़ दिया, पहरेदारों को पराजित कर दिया। यह घटना किंवदन्ती नहीं है। 16-17वीं सदी कोई बहुत प्राचीन नहीं है। सनातन का भाव और अस्तित्व तो अनादि और अनंत है। वह न तो जन्म लेता है और न ही उसकी मृत्यु होती है। उसके वैचारिक आधार वेद हैं। कुमतिजन तो इस पर भी सवाल उठा सकते हैं। बहरहाल तमिलनाडु की द्रमुक पार्टी का एक युवा मंत्री 'सनातन' के समूल उन्मूलन का आह्वान कैसे कर सकता है और वह कितना प्रभावी होगा? तमिलनाडु में हजारों हिंदू मंदिर हैं। असंख्य लोग शिव और उनके दर्शन के मतावलंबी हैं। 'सनातन' को क्रूर और खूंखार आक्रांता और उपनिवेशवादी अंग्रेज भी विनष्ट नहीं कर पाए, तो आज स्वतंत्र भारत में कौन कर सकता है? तमिलनाडु में अन्नादुरई पेरियार ने सनातन धर्म, ब्राह्मणवाद, छुआछूत, जाति विभेद आदि के खिलाफ सामाजिक आंदोलन छेड़े थे। वह खुद को नास्तिक मानते थे और भगवान के अस्तित्व को खारिज करते थे। उस दौर को बीते सात दशकों से अधिक का समय गुजर चुका है। आज छुआछूत विरोधी कानून हैं। जातीय आरक्षण की व्यवस्था है, ताकि आर्थिक-सामाजिक विषमताएं मिट सकें। आध्यात्मिक आस्थाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। ब्राह्मण से प्राचीन शूद्र तक आज की व्यवस्था में समान हैं, क्योंकि वे समान स्तरों, पदों और अवसरों पर मौजूद हैं। कथित दलित आज आईएएस, आईपीएस हैं, वैज्ञानिक हैं, सांसद-मंत्री हैं और देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समानता के समान अवसर हैं, अधिकार हैं। पेरियार का कालखंड आज अप्रासंगिक है। यदि ऐसा नहीं होता, तो यह तमिलनाडु तक ही सिमट कर क्यों रह जाता? पेरियार की सोच वाली द्रमुक पार्टी भी चुनावी तौर पर पराजित हुई है। 'सनातन' के समूल नाश की ऐसी हवा बही है कि बिहार में एक मंत्री ने 'रामचरितमानस' को 'सायनाइड' करार दे दिया। उप्र में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य 'मानस' और 'सनातन धर्म' पर अनर्गल अलाप करते रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता खामोश हैं, क्योंकि उन्हें 'सनातनी वोट' की दरकार है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## डीएम ने रात्रि चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने बड़ेथी गांव में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों के द्वारा उठाये गये मामलों का त्वरित निदान करने को कहा। पशुओं के उपचार में उदासीनता बरते जाने की शिकायत पर क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारी का जवाब-तलब किया और पशुपालन विभाग को गांव में चिकित्सा शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। डुण्डा तहसील के बड़ेथी गांव स्थित जगन्नाथ मंदिर चौक में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित रात्रि चौपाल में डीएम सहित अनेक विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ देर रात तक विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस मौके पर अधिकारियों ने विभागीय की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीणों के बीच रखी।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम के जन्मदिन पर डोनेशन कैंप लगाया

उत्तरकाशी। नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयुष्मान कार्ड बनवाने और डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 11 बजे तक 45 लोगों ने रक्तदान, नेत्रदान और पूर्ण शरीर दान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा उत्तराकाशी विजय बडोनी, डिप्टी सीएमओ डॉ.राकेश कुकरेती, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ डॉ नवीन पंचोला, डॉ. बिष्ट, संजय कंडियाल आदि मौजूद रहे।

### बडक़ोट में भगवान विश्वकर्मा दिवस मनाया

उत्तरकाशी। नगर पालिका क्षेत्र बडक़ोट अंतर्गत रविवार को विभिन्न कार्यों से जुड़े लोगों ने नदीण फार्म में भगवान विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ औजार व मशीनों की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने कहा है कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजनकर्ता और प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा ने दुनिया को दिशा दिखाई। पूजा अर्चना कार्यक्रम के बाद सोमवार को त्रिवेणी संगम गंगानी में विश्वकर्मा की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अनुपमा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अतोल सिंह रावत, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबन सिंह राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजाराम जगूड़ी, जयेंद्र सिंह रावत, हंसपाल बिष्ट, कमेश रावत, खडक़ बहादुर, इरफान, सन्तोष, चंदन, अस्तिबुला आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई

उत्तरकाशी। डिग्री कॉलेज उत्तरकाशी में नमामि गंगे के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. वसन्तिका कश्यप ने छात्रों को गंगा स्वचछता की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा पर महाविद्यालय के पुरीखेत परिसर से रैली निकालकर आम लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा टी शर्ट वितरित कीं। कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्रपाल सिंह परमार ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भागीरथी तट पर सघन सफाई अभियान चलाकर कूड़ा एकत्रित कर नगर पालिका को सौंपा। कार्यक्रम में स्वच्छता समिति की संयोजिका डॉ. विनीता कोहली, डॉ. रुचि कुलश्रेष्ठ, डॉ. शिक्षा, डॉ.परदेव रावत, डॉ. प्रवेन्द्र जयाड़ा, डॉ. गंगोत्री, सरस्वती आदि थे।

### पुरोला में आयुष्मान भवः पखवाड़े का शुभारंभ


उत्तरकाशी। पुरोला के बीएल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ रविवार को विधायक दुर्गेश्वर लाल ने रिबन काट कर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सरकार की ओर से यह सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर, अंगदान संकल्प, आयुष्मान कार्ड बनाने व स्वच्छता सहित कई प्रकार के जनसहभागिता के कार्यक्रम अभियान के तौर पर आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक दुर्गेश्वर लाल ने स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पीएल हिमानी, जिला महामंत्री पवन नौटियाल, जगमोहन पंवार, लोकेंद्र कण्डियाल, अमीचन्द शाह, बलदेव रावत, अनीता, राजेश भंडारी, महावीर रंवाल्टा, कमलेश रावत आदि थे।

### पीएम के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने तले पकौड़े

पौड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस पौड़ी के द्वारा एजेंसी चौक में ठेला लगाकर पकौड़े तले गए। इस दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से रोजगार देने के वादे को पूरा नहीं कर पाए हैं। रविवार को एजेंसी चौक पर ठेला लगाकर पकौड़े तलते हुए जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह और प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे तो उनके द्वारा युवाओं से वादा किया गया था कि वे हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन बाद में जब रोजग़ार नहीं दे पाए तो कहा पकौड़े तलना ही रोजगार है जो युवाओं से साथ छलावा है।

# मां ने बेटी को 100 मर्दों संग डेट करने को कहा, हैरान करने वाली है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : आज के दौर में शादी करना और फिर उसे निभाना सबके बस की बात नहीं रही. वो दौर बीते जमाने की बात हो गई जब पिता अपनी पसंद से बेटी का हाथ किसी लड़के के हाथ में दे देता था. लड़की की मर्जी के बिना ही उसकी शादी कर दी जाती थी. गौर करने वाली बात यह है कि पुराने दौर के ये रिश्ते जीवन पर्यंत चलते थे. लेकिन अब लड़का और लड़की एक-दूसरे को समझने के बाद ही शादी का फैसला लेते हैं. इससे जुड़ा चौंका देने वाला मामला ब्रिटेन में सामने आया है. जहां एक मां ने अपनी बेटी को 100 मर्दों के साथ डेट करने की इजाजत दे दी.मां के इस प्रस्ताव से बेटी भी अचंभित थी. आइये आपको बताते हैं इस हैरान कर देने वाले मामले के बारे में. ब्रिटेन में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है. 100 मर्दों के साथ डेट करने का खुलासा लड़की की बहन ने किया है. लड़की की बहन ने बताया कि उसने 100 मर्दों के साथ एक साल के अंदर डेट की. इसके लिए उसकी मां ने उसे 500 डॉलर दिए थे जो कि भारतीय करंसी में लगभग 41 हजार रुपये होता है. इतनी राशि देने के बाद मां ने बेटी से यह भी कहा कि जब पैसा खत्म हो जाए तो बता देना लेकिन 100 मर्दों के साथ डेट पूरी कर के ही घर लौटना. लड़की की बहन एलिस कैरोलिन ने इस खुलासे के साथ टिक टॉक पर वीडियो शेयर किया था . उस वीडियो को लाखों बार देखा जा चुका है.उस वीडियो में देखा जा सकता है कि 100 मर्दों के साथ डेटिंग करने के बाद लड़की और उसकी बहन एलिस ने इसे सेलिब्रेट किया.एलिस ने वीडियो में उन मर्दों के नामों की लिस्ट भी शेयर की है जिन मर्दों के साथ उसकी बहन ने डेट किया. अब आपको बताते हैं ये मां क्यों चाहती थी कि उसकी बेटी 100 मर्दों के साथ डेट करे. रिपोर्ट्स की मानें तो मां यह नहीं चाहती थी कि शादी के बाद उसकी बेटी के मन में मर्दों को लेकर कोई घबराहट रहे.

# एसएसपी अजय सिंह की दो टूक, ड्रग्स तस्कर और आर्थिक अपराधों में लिप्त अपराधी रडार पर





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 18 सितंबर , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, अजय सिंह ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा शाखा प्रभारियों के साथ गोष्टी की । गोष्टी के दौरान एसएसपी ने अपराधों के अनावरण तथा कानून व्यवस्था की स्थिति के दौरान दून पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में इस दिशा में और अधिक बेहतर प्रयास करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान गोष्टी में उपस्थित समस्त अधिकारियों को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए अपनी लीडरशिप के दौरान उन अहम पॉइंट्स पर चर्चा करते हुए संदेश दिया है जिसपर अब देहरादून पुलिस को काम करना है। आईये आपको भी बताते हैं वो मुख्य निर्देश -

1- सभी थाना प्रभारी पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग पर फोकस करें तथा इस दौरान अपने मानवीय दृष्टिकोण को सर्वोपरि रखें। थाने/चौकी पर नियुक्त प्रत्येक अधिकारी/ कर्मचारी अपने सम्मुख आने वाले प्रत्येक पीड़ित की बातों/ समस्याओं को संयमित होकर ठीक ढंग से सुने तथा उसमें शीघ्र से शीघ्र यथोचित वैधानिक कार्रवाई करने का प्रयास करे। प्रत्येक पीड़ित को इस बात का एहसास दिलाया जाए की पुलिस द्वारा उसकी समस्या का संज्ञान लेकर उसके समाधान हेतु अपना श्रेष्ठ प्रयास किया जा रहा है।

2- जनपद देहरादून के शिक्षा का केंद्र होने के कारण यहां बाहरी जनपदो तथा राज्यों से आने वाले युवाओं की संख्या काफी अधिक है, जिस कारण देहरादून हमेशा से ही नशा तस्करों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट रहा है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी आम जनमानस के बीच नशे के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा नशे के विरुद्ध अभियान में जन सहभागिता को बढ़ाने के लिए पूर्व में दिए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक शनिवार को पुलिस की चौपाल आयोजित करेंगे, साथ ही सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थानों में एक रजिस्टर तैयार करेंगे, जिसमें नशा तस्करों की फोटो के साथ उनका पूर्ण विवरण अंकित किया जाएगा, इसके अतिरिक्त पूर्व में मादक पदार्थों की तस्करी में जेल गए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोले जाने के कार्रवाई प्रत्येक थाना प्रभारी द्वारा की जाएगी। ऐसे मामलों में, जिसमे किसी अभियुक्त से भारी मात्रा में मादक पदार्थो की बरामदगी की गई हो, उनमे विवेचना के दौरान संबंधित अभियुक्त के आर्थिक पहलुओं को भी शामिल किया जाए तथा ऐसे अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट में निहित प्रावधानों के तहत अटैच करते हुए उसे आर्थिक रूप से भी हानि पहुंचाई जाये।

3- सभी थाना प्रभारी Street Crime ( चैन/ पर्स स्नैचिंग, मार-पीट आदि ) पर विशेष फोकस करेंगे। इस तरह की आपराधिक घटनाओं से लोगों के मध्य एक भय का माहौल बनता है तथा समाज मे इसका एक negative impact (नकारात्मक असर) पड़ता है, किसी भी प्रकार का Street Crime होने पर उसको तत्काल दर्ज किया जाएगा तथा उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उसका समयबद्ध अनावरण सुनिश्चित किया जायेगा।

4- जनपद देहरादून में भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामले सर्वाधिक है, इस तरह की आर्थिक अपराधो में प्रभावी रूप से लगाम लगाने के लिए ठोस रणनीति के तहत कार्यवाही की जाये, संगठित गैंग बनाकर लोगों से धोखाधड़ी कर उन्हें आर्थिक हानि पहुंचने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाये तथा ऐसे अपराधियों की संपत्तियां को गैंगस्टर एक्ट के तहत अटैच कर करते हुए उनकी कुर्की/ जब्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाए, जिससे आर्थिक रूप से भी उनके सिंडिकेट को तोड़ा जा सके।

5- वर्तमान में जनपद देहरादून में कई स्थानों पर स्मार्ट सिटी का कार्य प्रचलित है, इस कारण मुख्य मार्गो व चौराहों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है, जिससे जन सामान्य को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात के सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ थाना पुलिस की विजिबिलिटी को भी बढ़ाया जायेगा।

6- जघन्य अपराधों का त्वरित अनावरण तथा विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, महिला संबंधी अपराधों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, विवेचनाओं के निस्तारण में अनावश्यक विलंब पर संबंधित विवेचनाधिकारी के साथ-साथ संबंधित थाना प्रभारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी, सभी क्षेत्राधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने सर्किल में ओ0आर0 लेकर विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

इस गोष्ठी में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिट्टी एकत्रित की



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 18 सितंबर , नेहरू युवा केंद्र देहरादून एवं सीआईएमएस कॉलेज कुआंवाला देहरादून के संयुक्त अभियान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें घर-घर से मिट्टी एवं चावल एकत्रित किए गए। सीआआईएमएस कॉलेज के अध्यक्ष ललित जोशी जी ने सभी प्रतिभागियों को पच प्रण की शपथ दिलाई और नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक रुचि नारायण त्यागी ने मेरी माटी मेरे देश के बारे में विस्तृत जानकारी दी और नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूरे देश में चलाया जाएगा और उसके बाद जो गांव से मिट्टी और चावल इकट्ठे करके लाई गई है उसको कर्तव्य पथ पर एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र द्वारा पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में सी आई एम एस कॉलेज के एम डी श्री संजय जोशी कैप्टेन मोहित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# अजब-गजब : यहां सिर्फ कुछ घंटों के लिए होती है शादी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 18 सितम्बर : दुनिया में अलग-अलग जाति और समुदाय लोग निवास करते हैं। सभी की अपनी अलग-अलग संस्कृतियां, रीति रिवाज और मान्यताएं होती हैं। हर जगह पर रहन-सहन से लेकर शादी-ब्याह तक के अपने रीति-रिवाज होते हैं। जातियों और समुदायों में पालन किए जाने वाले रीति रिवाजों और मान्यताओं का अलग-अलग महत्व होता है। हालांकि दुनिया में पालन की जाने वाली कई परंपराओं के बारे में जानकर हैरानी होती है।

जब दो लोग शादी के बंधन में बंधते हैं, तो वो पूरा जीवन एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाते हैं। हालांकि सबसे हैरानी वाली बात यह है कि दुनिया में एक ऐसी जगह है, जहां पर शादी सिर्फ घंटे के लिए होती है। भारत के पड़ोसी देश चीन के कुछ इलाकों में पुरुष सिर्फ 24 घंटे के लिए ही शादी करते हैं। यह जानकर आपको यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन यह पूरी तरह सच है। आइए जानते हैं अनोखी शादी के बारे में.एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में गरीबी की वजह से जो लोग शादी के दौरान लड़की को तोहफे और पैसे नहीं दे पाते, उनकी शादी ही नहीं होती है। इसकी वजह से वह एक अनोखी शादी करते हैं। इससे वह सिर्फ शादीशुदा कहलाते हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के हुबेई प्रोविंस में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे यानी एक दिन की शादी का चलन है। यहां कुछ लड़कों की गरीबी की वजह से शादी नहीं हो पाती है, तो मरने से पहले सिर्फ नाम के लिए शादी करते हैं। बीते 6 सालों में यह चलन तेजी से बढ़ा है। ऐसी शादी कराने वाले शख्स ने बताया कि उनके पास कई पेशेवर दुल्हनें हैं, जो 40 हजार रुपये लेती हैं और शादी करती हैं। यह ज्यादातर बाहर की लड़कियां होती हैं और उन्हें पैसे की जरूरत होती है।

हुबेई के ग्रामीण क्षेत्र में माना जाता है कि इंसान को मौत के बाद फैमिली ग्रेवयार्ड में शादीशुदा होने पर ही दफनाया जाएगा। इसलिए गरीब पुरुष शादी करने के बाद अपने पुश्तैनी कब्रगाह पर दुल्हन को लेकर जाते हैं। वहां पर वह पूर्वजों को बताते हैं कि उनकी शादी हो चुकी है। ऐसा करने का बाद उस शख्स की जगह पक्की हो जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि चीन में किराए पर गर्लफ्रेंड, ब्वॉयफ्रेंड यहां तक कि माता-पिता भी मिलते हैं।